पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-17

वृहस्पतिवार, दिनांक-17 मार्च, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.55 बजे अपराह्न तक ।

(1) **प्रश्नोत्तर काल** :-

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 02 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 44 एवं 49 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 45 विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग को स्थानान्तरित ।

(iv) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(v) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 'क' 439 एवं 1322 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(vi) 03 तारांकित प्रश्न क्रमांक 'ख' 462, 1317 एवं 1318 क्रमशः लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, भवन निर्माण विभाग एवं पथ निर्माण विभाग को स्थानान्तरित ।

(vii) 01 तारांकित प्रश्न अपुष्ट ।

(viii) 88 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) **शून्यकाल** :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री विनोद कुमार सिंह
(ii) श्रीमती लेशी सिंह
(iii) श्री उमाकांत यादव
(iv) श्रीमती देवंती यादव
(v) श्री कृष्णनंदन पासवान
(vi) श्री विजय कुमार सिंह
(vii) श्री जनक सिंह
(viii) श्री प्रदीप कुमार
(ix) श्री राजकुमार राय
(x) श्री रामायण मांझी
(xi) श्री विनोद प्रसाद यादव
(xii) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(xiii) श्रीमती सुजाता देवी
(xiv) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xv) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(3) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा एवं अन्य सभासदों के नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित दिनांक 08 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 11 एवं 15 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) मा० सदस्या श्रीमती मुन्नी देवी एवं अन्य सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 15 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) मा० सदस्या श्रीमती रंजु गीता की ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित दिनांक 16 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(v) माननीय सदस्य श्री रामदेव महतो एवं अन्य सभासदों के मानव संसाधन विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा जिसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(vi) माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा तथा अन्य सभासदों के कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 05.05 बजे अप० तक ।

(4) वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान:-
नगर विकास एवं आवास विभाग :-

विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री प्रेम कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग की मांग पर राज्य सरकार की नगर विकास एवं आवास नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती पूनम देवी

(मा० अध्यासी सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्रीमती देवंती यादव
(iii) श्री चन्द्रशेखर
(iv) श्री रामसेवक सिंह
(v) श्री आलोक रंजन
(vi) श्री प्रमोद कुमार सिंह
(vii) श्री नितिन नवीन
(viii) श्री मो० अफाक आलम
(ix) श्रीमती लेशी सिंह
(x) श्री संजय सरावगी
(xi) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xii) श्रीमती मंजू हजारी
(xiii) श्रीमती उषा सिन्हा

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय प्रभारी मंत्री विधि विभाग, श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा विभाग की भावी योजनाओं से सदन को अवगत कराया ।

माननीय प्रभारी मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन का कटौती प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा नगर विकास एवं आवास विभाग का अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

(5) निवेदन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 35 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

(6) शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने जापान में भूकंप एवं सुनामी में हताहत हुए लोगों तथा स्व० रमजान अली, पूर्व पार्षद के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 18 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-17.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।